# गोगाजी हम तो दुनिया से हारे | By Pooja Shrivastava

हे गोगाजी .........
हे गोगाजी हम तो दुनिआ से हारे हैं
गले से लगा लो हम तो किस्मत के मारे हैं
कोई ना हमारा हम तो तेरे सहारे हैं
गले से लगा लो ...........

सुना है गोगाजी तुम तो दुखियो के दाता हो
सारे ही भक्तजनो को तुम ही विधाता हो
करो प्रभु मेरा बेडा पार.....हो
करो प्रभु मेरा बेडा पार
करते हो दूर तुम्ही पीड़ा सबके मन की
तेरे ही हाथों में है डोर जीवन की
तुमने ही भक्तों के जीवन सँवारे हैं
गले से लगा लो हम तो किस्मत के मारे हैं
गले से लगा लो ...........

तुमको तो पूज रहा है सारा जहान है
तेरे ही द्वार पे तो सब एक समान है
सच्चा है तेरा दरबार ......हो
सच्चा है तेरा दरबार
सबकी ही बिगड़ी प्रभु आप ही बनाते हो
सबके ही दुखड़े प्रभु आप ही मिटाते हो
तेरे तो खेल गोगाजी सबसे ही न्यारे हैं
गले से लगा लो हम तो किस्मत के मारे हैं
गले से लगा लो ...........

बड़ी उम्मीद लेके तेरे द्वार आये हैं
गोगाजी तुमने सबके भाग्य जगाये हैं
तेरा किया है दीदार.....हो
तेरे किया है दीदार
गोगाजी के नाम के जो सदा गुण गाते हैं
जीवन में उसके कभी दु:ख नहीं आते हैं
बुरे भले हैं जैसे हम तो तुम्हारे हैं
गले से लगा लो हम तो किस्मत के मारे हैं
गले से लगा लो ...........

[https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%97%e0%a5%8b%e0%a4%97%e0%a4%be%e0%a4%9c%e0%a5%80-%e0%a4%b9%e0%a4%ae-%e0%a4%a4%e0%a5%8b-%e0%a4%a6%e0%a5%81%e0%a4%a8%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0/](https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%97%e0%a5%8b%e0%a4%97%e0%a4%be%e0%a4%9c%e0%a5%80-%e0%a4%b9%e0%a4%ae-%e0%a4%a4%e0%a5%8b-%e0%a4%a6%e0%a5%81%e0%a4%a8%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0/)